लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 354, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, मंगलवार, 7 नवंबर 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 07 MIDDLE

सुहानी और सार्थ बने चैंपियन

- सेमीफाइनल में देश में दूसरी वरीयता प्राप्त दिव्यांश को श्रीधर ने हराया
- 10वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन

बरेली, अमृत विचार : 10 वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। महिला वर्ग में गाजियाबाद की सुहानी महाजन तो पुरुष वर्ग में सार्थ मिश्रा चैंपियन बने। टूर्नामेंट के अंडर 19 के सेमीफाइनल में देश में दूसरी वरीयता प्राप्त दिव्यांश श्रीवास्तव को यूपी के दूसरे वरीय खिलाड़ी श्रीधर जोशी ने हराया। हालांकि, श्रीधर जोशी फाइनल में सार्थ से हार गए।

यूपीटीटीए के डायरेक्टर अरुण बनर्जी, प्रेसीडेंट संजीव पाठक, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, आगरा के जिला खेल अधिकारी सुनील जोशी, टीटी की जूनियर टीम के कोच पराग अग्रवाल, रेफरी अमित सिंह, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा, श्रीराम मूर्ति कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता और आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग की 12 स्पर्धाओं में से छह का रविवार को फाइनल हुआ था। पुरुष फाइनल में सार्थ मिश्रा (गाजियाबाद) ने दिव्यांश श्रीवास्तव (लखनऊ) को हराया। महिला फाइनल में सुहानी महाजन (गाजियाबाद) ने आरती चौधरी को पराजित किया। पुरुष अंडर 19 में सार्थ मिश्रा ने श्रीधर जोशी को हराया। महिला वर्ग अंडर 19 में सुहानी महाजन ने दिशा (गाजियाबाद) को पराजित किया। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट आयोजित हुआ।

एसआरएमएस में ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी और अतिथि।

खिलाड़ियों के साथ कोच का भी सम्मान

टूर्नामेंट के समापन पर अंपायर और अन्य स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। इनमें शुभम यादव, उत्तम कुमार सिंह, शिवम विश्वकर्मा, मुहम्मद अली, अंजली यादव, सैफ अली, साक्षी शर्मा, अनामिका सैनी, बालकृष्ण यादव, प्रभात मिश्रा, हर्षित सिंह, उत्तम चतुर्वेदी, साहिल श्रीवास्तव, एमएन खाबे, नैना सोनी, जिज्ञासा द्विवेदी, पुष्पांजलि यादव, प्रतिभा यादव, मयंक सिंह, अभिषेक चौरसिया, सौम्या सिन्हा और आरिफ नियाज शामिल हैं।